2025 का विधेयक सं. 19

राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया जायेगा)

दुर्व्यपदेशन, गलत सूचना, बल, असम्यक् असर, प्रपीड़न, प्रलोभन या आनलाईन याचना द्वारा या किसी कपटपूर्ण साधन द्वारा या विवाह या विवाह के झांसे द्वारा एक धर्म से अन्य धर्म में विधिविरुद्ध संपरिवर्तन और उससे संबंधित या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक।

भारत गणराज्य के छिहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2025 है।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण राजस्थान राज्य में होगा।

(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

2. परिभाषाएं.- (1) इस अधिनियम में, जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "प्रलोभन" से अभिप्रेत है और इसमें-

(i) नकद या वस्तु के रूप में कोई दान, पारितोषण, सुलभ धन या भौतिक लाभ;

(ii) किसी व्यक्ति द्वारा संचालित संस्थाओं में नियोजन, नि:शुल्क शिक्षा;

(iii) बेहतर जीवन शैली, दैवीय अप्रसाद या अन्यथा;

(iv) विवाह के झांसे;

(v) किसी धर्म की प्रथा, अनुष्ठानों और संस्कारों या उसके किसी अभिन्न अंग को अन्य धर्म के सामने हानिकारक रूप में चित्रित करने; या

(vi) एक धर्म को अन्य धर्म के विरुद्ध महिमामंडित करने,

के रूप में प्रलोभित करने का प्रस्ताव, सम्मिलित है;

(ख) "प्रपीड़न" से, मनोवैज्ञानिक दबाव या शारीरिक बल द्वारा शारीरिक क्षति कारित करने या उसकी धमकी के प्रयोग द्वारा किसी व्यष्टि को उसकी इच्छा के विरुद्ध कार्य करने के लिए विवश करना और बल प्रयोग करना अभिप्रेत है;

(ग) "संपरिवर्तन" से धर्म, अनुष्ठानों और विश्वासों के एक समूह से किसी अन्य धर्म और उसके अनुष्ठानों और विश्वासों में प्रत्येक स्तर पर परिवर्तन की प्रक्रिया, अभिप्रेत है, किन्तु अपने मूल धर्म अर्थात् पैतृक धर्म में पहले से ही संपरिवर्तित हुए किसी व्यक्ति की वापसी को संपरिवर्तन नहीं समझा जायेगा;

(घ) "संपरिवर्तन के लिए विश्वास दिलाना" से किसी व्यक्ति को उसका धर्म त्यागने और दूसरा धर्म ग्रहण करने के लिए सहमत कराना अभिप्रेत है;

(ङ) "डिजिटल मोड" से संसूचना, डाटा ट्रांसमिशन, या अन्तर्वस्तु प्रसार का कोई इलेक्ट्रानिक माध्यम अभिप्रेत है और इसमें:

(i) सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट, जो सार्वजनिक या अर्द्ध-सार्वजनिक प्रोफाइल के सृजन, उपयोक्ताओं के मध्य संबंध और एक सीमाबद्ध प्रणाली के भीतर-भीतर ऐसे संबंधों को देखने और उनके चक्रमण को सुकर बनाती हैं;

(ii) आनलाइन समुदायों का निर्माण करने, रूचि और क्रियाकलापों को साझा करने, और इलेक्ट्रानिक मेल, मैसेजिंग एप्लिकेशन और आनलाइन फोरम जैसे डिजिटल इंटरैक्शन के विभिन्न प्ररूपों को सामर्थ्यकारी बनाने के लिए डिजाइन किये गये सोशल मीडिया एप्लिकेशन;

(iii) संसूचना, सूचना विनिमय, या अन्तर्वस्तु प्रकाशन के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला कोई अन्य आनलाइन या इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म, माध्यम या डिवाइस,

सम्मिलित हैं, किन्तु यह उन्हीं तक सीमित नहीं है;

(च) "जिला मजिस्ट्रेट" से जिला मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त कोई अधिकारी अभिप्रेत है और इसमें अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सम्मिलित है;

(छ) "बल" में दैवीय अप्रसाद या सामाजिक जाति बहिष्कार की धमकी सहित, संपरिवर्तित व्यक्ति या संपरिवर्तित होने हेतु ईप्सित व्यक्ति को या उसके माता-पिता या सहोदरों को या विवाह, दत्तक, संरक्षकता या अभिरक्षा द्वारा संबंधित किसी अन्य व्यक्ति को या उनकी सम्पत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने की धमकी या बल का प्रदर्शन सम्मिलित है;

(ज) "कपटपूर्ण साधन" में, मिथ्या नाम, उपनाम, और धार्मिक प्रतीक द्वारा या अन्यथा किसी प्रकार का प्रतिरूपण सम्मिलित है;

(झ) "संस्थाओं" से समस्त विधिक इकाइयां, शैक्षणिक संस्थाएं, अनाथालय, वृद्धाश्रम, चिकित्सालय, धार्मिक मिशनरी, गैर-सरकारी संगठन और लोक स्वरूप प्रकार के ऐसे अन्य संगठन अभिप्रेत और सम्मिलित हैं;

(ञ) "सामूहिक संपरिवर्तन" से, जहां दो या दो से अधिक व्यक्तियों को संपरिवर्तित किया जाये, अभिप्रेत है;

(ट) "अवयस्क" से, अठारह वर्ष से कम आयु का कोई व्यक्ति, अभिप्रेत है;

(ठ) "गलत सूचना" से मिथ्या या गलत सूचना अभिप्रेत है;

(ड) "आनलाईन याचना" से ऐसा कोई कार्य या लोप अभिप्रेत है, जिसमें किसी व्यक्ति को वर्चुअल मोड के माध्यम से संपरिवर्तन करने के लिए उसको मनाना अंतर्ग्रस्त है;

(ढ) "व्यक्ति" से कोई व्यक्ति, व्यष्टि, व्यक्तियों के समूह, सोसाइटी या न्यास, चाहे रजिस्ट्रीकृत हो या अरजिस्ट्रीकृत, कंपनी या

संगम या व्यक्तियों का निकाय अभिप्रेत है, चाहे वह निगमित हो या नहीं;

(ण) "प्रचार" से किसी माध्यम (मुद्रित सामग्री, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, मैसेजिंग एप्लिकेशन या कोई अन्य डिजिटल मोड) के द्वारा, दुर्व्यपदेशन, बल, असम्यक् असर, प्रपीड़न, प्रलोभन, कपटपूर्ण साधन, विवाह या विवाह के झांसे द्वारा विधिविरुद्ध संपरिवर्तन करने या सुकर बनाने के आशय से, गलत सूचना सहित सूचना, विचारों या विश्वासों का सुनियोजित प्रसार करना अभिप्रेत है;

(त) "संपत्ति" या "परिसर" से कोई जंगम या स्थावर संपत्ति अभिप्रेत और सम्मिलित है, जिसमें भूमि, भूमि से उद्भूत होने वाले फायदे, और भू-बद्ध वस्तुएं, या किसी भी भू-बद्ध वस्तु से स्थायी रूप से जकड़ी हुई वस्तुएं सम्मिलित होंगी;

(थ) "धर्म" से, भारत या उसके किसी भाग में यथा प्रचलित उपासना पद्धति, आस्था, विश्वास, पूजा या जीवन शैली की कोई संगठित प्रणाली, और जो तत्समय प्रवृत्त किसी विधि या रूढि के अधीन परिभाषित हो, अभिप्रेत है;

(द) "धर्म संपरिवर्तक" से, किसी धर्म का कोई व्यक्ति या व्यक्ति अभिप्रेत हैं, जो एक धर्म से अन्य धर्म में संपरिवर्तन करने का कोई कार्य करते हैं;

(ध) "धर्माचार्य" से किसी भी धर्म का पुजारी अभिप्रेत है, जो किसी भी धर्म का शुद्धिकरण संस्कार या धर्म-संपरिवर्तन संस्कार करता है और उसे चाहे किसी भी नाम जैसे पुजारी, पण्डित, मुल्ला, मौलवी, फादर इत्यादि से पुकारा जाये;

(न) "असम्यक् असर" से, ऐसे असर का प्रयोग करने वाले व्यक्ति की इच्छा के अनुसार कार्य करने के लिए किसी अन्य को मनाने के क्रम में, किसी व्यक्ति द्वारा अपनी शक्ति का अविवेकपूर्ण प्रयोग करना या अन्य व्यक्ति पर असर डालना, अभिप्रेत है;

(प) "विधिविरुद्ध संपरिवर्तन" से, कोई संपरिवर्तन अभिप्रेत है जो देश की विधि के अनुसार न हो;

(फ) "पीड़ित" से ऐसा व्यक्ति निर्दिष्ट है, जो इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के परिणामत: किसी हानि या नुकसान से पीड़ित हो, और इसमें ऐसे पीड़ित का संरक्षक और विधिक वारिस भी सम्मिलित है।

(2) उन शब्दों और अभिव्यक्तियों का, जो इसमें प्रयुक्त किये गये हैं और परिभाषित नहीं है, किन्तु जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का केंद्रीय अधिनियम सं. 45), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का केंद्रीय अधिनियम सं. 46), और राजस्थान साधारण खंड अधिनियम, 1955 (1955 का अधिनियम सं.8) और भारत या राजस्थान राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में परिभाषित हैं, का वही अर्थ होगा जो उन संहिताओं/अधिनियमों में क्रमशः उन्हें समनुदेशित है।

3. दुर्व्यपदेशन, गलत सूचना, बल, असम्यक् असर, विश्वास दिलाना, प्रचार, प्रपीड़न, प्रलोभन, आनलाईन याचना, विवाह या विवाह के झांसे या किसी अन्य कपटपूर्ण साधन द्वारा एक धर्म से किसी अन्य धर्म में संपरिवर्तन का प्रतिषेध.- (1) कोई व्यक्ति प्रचार सहित दुर्व्यपदेशन, गलत सूचना, बल, असम्यक् असर, मनाना, प्रपीड़न, प्रलोभन, आनलाईन याचना, विवाह या विवाह के झांसे या किसी अन्य कपटपूर्ण साधन के प्रयोग या व्यवहार द्वारा या अन्य कपटपूर्ण साधनों द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को, प्रत्यक्षत: या अन्यथा, एक धर्म से किसी अन्य में संपरिवर्तित या संपरिवर्तित करने का प्रयास नहीं करेगा। कोई व्यक्ति ऐसे संपरिवर्तन का दुष्प्रेरण, विश्वास दिलाना, प्रकोपन या षड्यंत्र नहीं करेगा और कोई ऐसा व्यक्ति, जो ऐसे संपरिवर्तन के लिए याचना, प्रोत्साहित, दुष्प्रेरित, सहायता, सहयोग, सांठ-गांठ और षडयंत्र करता है, वह इस अधिनियम के अधीन उसी रीति से अभियोजित किये जाने के लिए दायी होगा मानो ऐसे व्यक्ति ने स्वयं ऐसा कृत्य कारित किया है।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए, विवाह के अनुष्ठान द्वारा या विवाह की प्रकृति के किसी संबंध द्वारा या विवाह के झांसे और इस उप-धारा में प्रगणित अन्य कारकों के कारण संपरिवर्तन इसमें सम्मिलित समझा जायेगा।

(2) कोई भी व्यक्ति फर्जी पहचान का उपयोग नहीं करेगा, धार्मिक, सामाजिक या अन्य पहचान का दुरुपयोग नहीं करेगा, सार्वजनिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा, या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए धोखाधड़ी नहीं करेगा।

(3) कोई व्यक्ति विवाह के आशय से अपना धर्म नहीं छिपायेगा/छिपायेगी।

(4) यदि, कोई व्यक्ति मूल धर्म अर्थात् पैतृक धर्म में पुन: संपरिवर्तित हो जाता है, तो उसे इस अधिनियम के अधीन संपरिवर्तन नहीं समझा जायेगा।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए मूल धर्म अर्थात् पैतृक धर्म से वह धर्म, जिसमें उस व्यक्ति के पूर्वजों/पैतृकों की आस्था, विश्वास था या जो उस व्यक्ति के पूर्वजों/पैतृकों द्वारा स्वेच्छा से और स्वतंत्र रूप से अपनाया गया था, अभिप्रेत है।

4. प्रथम सूचना रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सक्षम व्यक्ति.- अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन के संबंध में कोई सूचना किसी भी व्यक्ति द्वारा दी जा सकेगी और ऐसी सूचना दिये जाने की रीति वही होगी, जैसी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 46) के अध्याय 13 में दी गयी है।

5. धारा 3 के उपबंधों के उल्लंघन के लिए दंड.- (1) जो कोई भी धारा 3 के उपबंधों का उल्लंघन करता है, वह किसी सिविल दायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसी अवधि के कारावास से, जो सात वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो चौदह वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जायेगा और वह ऐसे जुर्माने के लिए भी दायी होगा जो पांच लाख रुपये से कम का नहीं होगा:

परन्तु यह कि जो कोई भी किसी अवयस्क, दिव्यांगजन, किसी महिला या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी व्यक्ति के संबंध में, धारा 3 के उपबंधों का उल्लंघन करता है, वह ऐसी अवधि के कठोर कारावास से, जो दस वर्ष से कम की नहीं होगी किंतु जो बीस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जायेगा और वह ऐसे जुर्माने के लिए भी दायी होगा जो दस लाख रुपये से कम का नहीं होगा:

परन्तु यह और कि जो कोई भी धर्म के सामूहिक संपरिवर्तन के संबंध में धारा 3 के उपबंधों का उल्लंघन करता है, वह ऐसी अवधि के कठोर कारावास से, जो बीस वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दंडित किया जायेगा, जो उस व्यक्ति के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास अभिप्रेत होगा, और ऐसे जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो पच्चीस लाख रुपये से कम का नहीं होगा।

(2) जो कोई भी विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन के संबंध में किसी विदेशी या अवैध संस्थाओं से धन प्राप्त करता है, वह ऐसी अवधि के कठोर कारावास से, जो दस वर्ष से कम का नहीं होगा, किंतु जो बीस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जायेगा और ऐसे जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो बीस लाख रुपये से कम का नहीं होगा।

(3) जो कोई भी, संपरिवर्तित करने के आशय से, किसी व्यक्ति को उसके जीवन या संपत्ति के लिए भय में डालता है, हमला करता है या बल का प्रयोग करता है या विवाह करता है या विवाह करने का वचन देता है या इसके लिए उत्प्रेरित करता है या षडयंत्र करता है, या किसी अवयस्क, स्त्री या व्यक्ति को फुसलाकर या अन्यथा उन्हें बेचकर उनका दुर्व्यापार करता है, या इस निमित्त दुष्प्रेरित करता है, प्रयत्न करता है या षडयंत्र करता है, वह कठोर कारावास से, जिसकी अवधि बीस वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, जो उस व्यक्ति के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास होगा, दण्डित किया जाएगा और ऐसे जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो तीस लाख रुपये से कम का नहीं होगा:

परन्तु यह कि इस धारा के अधीन अधिरोपित किया गया कोई जुर्माना पीड़ित को संदत्त किया जायेगा।

(4) न्यायालय उक्त संपरिवर्तन के पीड़ित को, अभियुक्त द्वारा संदेय समुचित प्रतिकर प्रदान करेगा, जो जुर्माने के अतिरिक्त दस लाख रुपये तक हो सकेगा:

परन्तु अभियुक्त के प्रतिकर का संदाय करने में असफल रहने की दशा में, शोध्य रकम भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जा सकेगी।

(5) जो कोई भी, इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के लिए पूर्व में दोषसिद्ध हो चुका है और इस अधिनियम के अधीन दंडनीय किसी अपराध के लिए पुनः दोषसिद्ध होता है, उसे कठोर कारावास से, जिसकी अवधि बीस वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दंडित किया जायेगा, जो उस व्यक्ति के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास अभिप्रेत होगा, और वह जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो पचास लाख रुपए से कम का नहीं होगा।

(6) वह संपत्ति, जहां किसी व्यक्ति का एक धर्म से किसी अन्य धर्म में विधिविरुद्ध संपरिवर्तन करने का अपराध घटित हुआ है, इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन, जिला मजिस्ट्रेट या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में नियुक्त राजपत्रित अधिकारी द्वारा सम्यक् जांच संस्थित करने के पश्चात्, समपहृत कर ली जायेगी।

स्पष्टीकरण.- संपत्ति में, इस अधिनियम के अधीन सिद्धदोष व्यक्ति से संबंधित संपत्ति या अन्य से संबंधित किन्तु सिद्धदोष व्यक्ति द्वारा विधिविरूद्ध संपरिवर्तन के लिए स्वामी की सम्मति से या बिना सम्मति के उपयोग में ली गई संपत्ति सम्मिलित है।

6. विधिविरुद्ध संपरिवर्तन या विपर्ययेन के एकमात्र प्रयोजन के लिए किया गया विवाह शून्य घोषित किया जाना.- (1) विधिविरुद्ध संपरिवर्तन या विपर्ययेन के एकमात्र प्रयोजन के लिए एक धर्म के पुरुष द्वारा किसी अन्य धर्म की महिला के साथ या तो विवाह से पूर्व या पश्चात् स्वयं को संपरिवर्तित करके या विवाह से पूर्व या पश्चात् महिला को संपरिवर्तित करके, किया गया कोई विवाह, विवाह के किसी भी पक्षकार द्वारा दूसरे पक्षकार के विरुद्ध प्रस्तुत की गयी याचिका पर, कुटुंब न्यायालय द्वारा या जहां कुटुंब न्यायालय स्थापित न हो, वहां ऐसे मामले का विचारण करने की अधिकारिता रखने वाले न्यायालय द्वारा, शून्य घोषित कर दिया जायेगा:

स्पष्टीकरण.- पूर्वोक्त उपबंध के निर्वचन के प्रयोजन के लिए विवाह के अन्तर्गत विधिवरुद्ध संपरिवर्तन का कार्य करने हेतु विवाह या विवाह के समरूप भागीदारी सम्मिलित है जैसे एक निवास में या अन्यथा दो या दो से अधिक व्यक्तियों का सहवास।

(2) उप-धारा (1) के अधीन प्रत्येक याचिका कुटुंब न्यायालय के समक्ष या जहां कुटुंब न्यायालय स्थापित नहीं है, ऐसे मामले का विचारण करने की अधिकारिता रखने वाले न्यायालय के समक्ष पेश की जायेगी, जिसकी स्थानीय सीमाओं के अन्दर-

(i) विवाह अनुष्ठापित हुआ था; या

(ii) प्रत्यर्थी, याचिका के प्रस्तुत किये जाने के समय, निवास करता है; या

(iii) विवाह के पक्षकारों ने अंतिम बार एक साथ निवास किया था; या

(iv) यदि, पत्नी याची है, तो जहां वह याचिका प्रस्तुत किये जाने के समय निवास कर रही है।

7. अपराधों का अजमानतीय और संज्ञेय होना.- (1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का केंद्रीय अधिनियम सं. 46) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के अधीन समस्त अपराध, संज्ञेय और अजमानतीय होंगे और सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय होंगे।

(2) इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध के अभियुक्त किसी व्यक्ति को, यदि वह अभिरक्षा में हो, तो जमानत पर तब तक नहीं छोड़ा जायेगा जब तक कि,-

(क) ऐसे छोड़े जाने के आवेदन पर लोक अभियोजक को विरोध करने का अवसर न दे दिया गया हो; और

(ख) जहां लोक अभियोजक आवेदन का विरोध करता है वहां न्यायालय का यह समाधान नहीं हो जाता है कि यह विश्वास करने के समुचित आधार हैं कि वह ऐसे अपराध का दोषी नहीं है और यह कि जमानत पर रहते

हुए उसके द्वारा ऐसा कोई अपराध करने की संभावना नहीं है।

8. धर्म-संपरिवर्तन पूर्व घोषणा और संपरिवर्तन के बारे में पूर्व-रिपोर्ट.- (1) वह व्यक्ति, जो अपना धर्म संपरिवर्तित करना चाहता/चाहती है, उसे अनुसूची-1 में विहित प्ररूप में, कम से कम नब्बे दिवस पूर्व जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष, यह घोषणा देनी होगी कि वह स्वयं और अपनी स्वतंत्र सहमति से और किसी बल, प्रपीड़न, असम्यक् असर, प्रचार, विश्वास दिलाना, प्रलोभन, दुर्व्यपदेशन, गलत सूचना, आनलाईन याचना या किन्हीं अन्य कपटपूर्ण साधनों के बिना अपना धर्म-संपरिवर्तन करना चाहता/चाहती है।

(2) धर्म संपरिवर्तक, और धर्माचार्य, जो किसी एक धर्म के व्यक्ति को किसी अन्य धर्म में संपरिवर्तन करने के लिए संपरिवर्तन अनुष्ठान संपादित करता है, ऐसे संपरिवर्तन का दो माह पूर्व नोटिस, अनुसूची-2 में विहित प्ररूप में, जिला मजिस्ट्रेट या उस जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा, जहां ऐसा अनुष्ठान संपादित किया जाना प्रस्तावित हो, इस प्रयोजन के लिए नियुक्त अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की रैंक से अनिम्न किसी अन्य अधिकारी को देगा।

(3) जिला मजिस्ट्रेट उप-धारा (1) या (2) के अधीन सूचना प्राप्त करने के पश्चात्, जिला मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, ग्राम पंचायत के किसी कार्यालय के सूचना-पट्ट पर और स्थानीय स्वशासन के कार्यालय में जब किसी मामले में आक्षेप मंगवाये जायें, धर्म-संपरिवर्तन के प्रस्ताव को प्रदर्शित करेगा। यदि कोई आक्षेप साठ दिवस के भीतर प्राप्त होते हैं, तो वह, यदि स्थिति ऐसी हो, प्रस्तावित धर्म-संपरिवर्तन के वास्तविक आशय, प्रयोजन और कारण के संबंध में, स्थानीय क्षेत्र पुलिस, राजस्व विभाग या सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के पदधारियों और स्थानीय स्वशासन के पदधारियों, जैसा कि मामले में अपेक्षित हो, के माध्यम से समयबद्ध जांच संचालित करायेगा। उपर्युक्त उल्लिखित प्राधिकारी अपनी ओर से जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार, जिला मजिस्ट्रेट या उसके द्वारा इस संबंध में ऐसे नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ऐसा निर्देश प्राप्त

होने के दस दिनों की अवधि के भीतर-भीतर, अधिमानत: उक्त जांच का संचालन और समापन करेंगे।

(4) उप-धारा (1) और/या उप-धारा (2) का उल्लंघन, प्रस्तावित संपरिवर्तन को अवैध और शून्य बना देने का प्रभाव रखेगा।

(5) जो कोई भी उप-धारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करता है वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो सात वर्ष से कम की नहीं होगी किंतु जो दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जायेगा और वह जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो तीन लाख रुपये से कम का नहीं होगा।

(6) जो कोई भी उप-धारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करता है, वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दस वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो चौदह वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जायेगा और वह जुर्माने के लिए भी दायी होगा जो पांच लाख रुपये से कम का नहीं होगा।

9. धर्म-संपरिवर्तन के पश्चात् घोषणा.- (1) संपरिवर्तित व्यक्ति, संपरिवर्तन की तारीख से बहत्तर घंटे के भीतर-भीतर, अनुसूची-3 में विहित प्ररूप में ऐसी घोषणा प्रस्तुत करने के लिए, उस जिले, जिसमें संपरिवर्तित व्यक्ति साधारणत: निवास करता है, के जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष स्वयं उपस्थित होगा।

(2) जिला मजिस्ट्रेट, धार्मिक संपरिवर्तन को जिला मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, ग्राम पंचायत के कार्यालय के सूचना-पट्ट पर और स्थानीय स्व–शासन के कार्यालय में प्रदर्शित करेगा और ऐसे मामलों में, जहां धारा 8 के अधीन आपत्तियों की मांग नहीं की गयी थी, आपत्तियों की मांग करेगा।

(3) उक्त घोषणा में अपेक्षित ब्यौरे, संपरिवर्तित व्यक्ति की विशिष्टियां जैसे कि जन्मतिथि, स्थायी पता, और वर्तमान निवास स्थान, पिता/पति का नाम, वह धर्म जिससे संपरिवर्तित व्यक्ति मूलत: संबंधित था और वह धर्म जिसमें वह संपरिवर्तित हुआ है, संपरिवर्तन की तारीख तथा स्थान और फोटो पहचान पत्र या आधार कार्ड की एक प्रति के साथ संपरिवर्तन के लिए अपनायी गयी प्रक्रिया की प्रकृति, अन्तर्विष्ट होंगे।

(4) संपरिवर्तित व्यष्टि, घोषणा फाइल करने की तारीख से दस दिवस के भीतर-भीतर अपनी पहचान स्थापित करने के लिए, जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत होगा और घोषणा की विषय-वस्तु की पुष्टि करेगा।

(5) यदि तीस दिवस के भीतर कोई आपत्तियां प्राप्त होती हैं, तो जिला मजिस्ट्रेट आपत्तिकर्ताओं के नाम और विशिष्टियां तथा आपत्ति की प्रकृति अभिलिखित करेगा और संपरिवर्तन के वास्तविक आशय, प्रयोजन और कारण के संबंध में स्थानीय क्षेत्र पुलिस, राजस्व विभाग या सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के पदधारियों तथा स्थानीय स्व-शासन विभाग के पदधारियों के माध्यम से जांच की जायेगी। यदि जिला मजिस्ट्रेट उक्त जांच के आधार पर इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के कारित किये जाने के निष्कर्ष पर पहुंचता है, तो वह संबंधित पुलिस प्राधिकारियों से अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन के लिए आपराधिक कार्रवाई आरंभ करायेगा।

(6) घोषणा, पुष्टिकरण और रजिस्टर से उद्धरण की प्रमाणित प्रतियां पक्षकारों को, जिन्होंने घोषणा दी हो या उनके निवेदन पर उनके प्राधिकृत विधिक प्रतिनिधि को, दी जायेगी।

(7) उप-धारा (1) से (4) का उल्लंघन उक्त संपरिवर्तन को अवैध और शून्य बना देने का प्रभाव रखेगा।

(8) यदि, ऐसे संपरिवर्तन के लिए कोई आपत्तियां प्राप्त नहीं होती हैं, तो जिला मजिस्ट्रेट इस प्रयोजन के लिए संधारित रजिस्टर में घोषणा और पुष्टिकरण के तथ्य अभिलिखित करेगा। जिला मजिस्ट्रेट शासकीय अधिसूचना जारी करेगा और साथ ही साथ संबंधित प्राधिकारी को इसके बारे में प्रज्ञापित करेगा।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजन के लिए "संबंधित प्राधिकारी" से राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, अल्पसंख्यक मामलात विभाग और अन्य संबंधित विभाग के नियोजक, पदधारी, नगरीय और ग्रामीण स्थानीय निकाय, शैक्षिक संस्थानों के प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक आदि अभिप्रेत हैं।

(9) ऐसी प्रज्ञापना प्राप्त होने पर, संबंधित प्राधिकारी संपरिवर्तन के बारे में सुसंगत शासकीय अभिलेखों में प्रविष्टि करायेगा साथ ही संपरिवर्तित व्यक्ति को सामाजिक हैसियत का उपभोग करने की हकदारी या आर्थिक फायदे जो वह संपरिवर्तन से पूर्व प्राप्त कर रहा था को प्राप्त करने के लिए पुन: वर्गीकृत करेगा।

(10) यदि शासकीय अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् भी संपरिवर्तन के संबंध में कोई आपत्तियां या शिकायत प्राप्त होती है तो जिला मजिस्ट्रेट लिखित में कारण अभिलिखित करने के पश्चात् मामले का पुनर्विलोकन या पुनः अन्वेषण करेगा।

10. किसी संस्था या संगठन द्वारा अधिनियम के उपबंधों का अतिक्रमण किये जाने पर दंड.- (1) यदि कोई संस्था या संगठन इस अधिनियम के उपबंधों का अतिक्रमण करता है तो संस्था या, यथास्थिति, संगठन के मामलों के प्रभारी व्यक्ति या व्यक्तिगण, धारा 5 के अधीन यथा उपबंधित दंड के अध्यधीन होंगे और तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन संगठन या संस्था का रजिस्ट्रीकरण, इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गये निर्देश पर, सक्षम प्राधिकारी द्वारा रद्द किया जा सकेगा।

(2) राज्य सरकार, इस अधिनियम के उपबंधों का अतिक्रमण करने वाली ऐसी संस्था या संगठन को कोई वित्तीय सहायता या अनुदान प्रदान नहीं करेगी।

(3) यदि कोई संस्था या संगठन इस अधिनियम के किन्हीं उपबंधों का अतिक्रमण करते हुए पायी जाती है, तब राज्य सरकार या इसके द्वारा इस अधिनियम के अधीन इस प्रकार नियुक्त किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी को, राजस्थान राज्य के भौगोलिक समुच्चयों के भीतर किसी भी प्रकार के क्रियाकलापों को कार्यान्वित करने के लिए, उस संस्था या संगठन के रजिस्ट्रीकरण या अनुज्ञप्ति को हमेशा के लिए रद्द करने के लिए शक्तियां होंगी। राज्य सरकार या इसके द्वारा इस अधिनियम के अधीन इस प्रकार नियुक्त किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी को, धार्मिक संपरिवर्तन में अंर्तग्रस्त संस्था या संगठन की सम्पत्ति का अधिहरण करने, ऐसी संस्था या संगठन के वित्तीय लेखों पर रोक लगाये

जाने की शक्तियां भी होंगी और ऐसी संस्था या संगठन, यदि अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता तो, एक करोड़ रूपये की शास्ति भी अधिरोपित की जायेगी।

11. अपराध के पक्षकार.- जब, इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध कारित किया जाता है, तो निम्नलिखित में से प्रत्येक, अपराध कारित करने का भागीदार समझा जायेगा और अपराध का दोषी होगा और वह इस प्रकार आरोपित किया जायेगा जैसे कि उक्त अपराध उसने वास्तव में कारित किया हो, अर्थात्,-

(i) प्रत्येक व्यक्ति जो वास्तव में ऐसा कार्य करता है, जिससे अपराध गठित होता है;

(ii) प्रत्येक व्यक्ति जो किसी अन्य व्यक्ति को अपराध कारित करने के लिए समर्थ बनाने या सहायता करने के प्रयोजन से कोई कार्य करता है या करने का लोप करता है;

(iii) प्रत्येक व्यक्ति जो अपराध कारित करने में अन्य व्यक्ति की सहायता करता है या दुष्प्रेरण करता है;

(iv) कोई व्यक्ति जो अपराध कारित करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को परामर्श देता है, विश्वास दिलाता है या उपाप्त करता है।

12. सम्पति का समपहरण और अधिहरण.- ऐसी प्रत्येक सम्पत्ति या परिसर, जहां संपरिवर्तन या सामूहिक संपरिवर्तन का अवैध धर्माचार हुआ है, जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में ऐसे नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, जांच करने के पश्चात् इस अधिनियम के अधीन समपहृत और अधिहृत किये जाने के लिए दायी होगा।

13. अवैध सन्निर्माण का ध्वस्त किया जाना.- यदि ऐसी संपत्ति या परिसर पर, जहां संपरिवर्तन या सामूहिक संपरिवर्तन का अवैध धर्माचार हुआ है, कोई अवैध/अप्राधिकृत सन्निर्माण(णों)/संरचना है/हैं, तो वह उस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जांच किये जाने के पश्चात् उसे ध्वस्त किये जाने के दायित्वाधीन होगा।

स्पष्टीकरण.-I कोई भी ध्वस्त करने का कार्य, किसी पूर्ववर्ती कारण बताओ नोटिस जो या तो स्थानीय नगरपालिका विधियों द्वारा उपबंधित समय के अनुसार या ऐसे नोटिस की तामील की तारीख से पन्द्रह दिवस के समय के भीतर-भीतर, लौटाया जायेगा, जो भी पश्चात्वर्ती हो, क्रियान्वित नहीं किया जायेगा।

II यदि किसी सार्वजनिक स्थान जैसे सड़क, गली, फुटपाथ, रेलवे लाइन के साथ लगा हुआ या किसी नदी या जल निकाय में ऐसा अवैध/अनधिकृत सन्निर्माण/संरचना है/हैं और ऐसे मामले भी, जहां किसी न्यायालय द्वारा ध्वस्त किये जाने का आदेश दिया गया है, तो कारण बताओ नोटिस देने के पश्चात्, बहत्तर घंटे के भीतर-भीतर ध्वस्त कर दिया जायेगा।

14. सबूत का भार.- इस बात के सबूत का भार, कि कोई धर्म-संपरिवर्तन दुर्व्यपदेशन, गलत सूचना, बल, असम्यक् असर, प्रपीड़न, प्रचार, मनाना, प्रकोपन, प्रलोभन, आनलाईन याचना या किसी कपटपूर्ण साधन द्वारा या विवाह, या विवाह के झांसे द्वारा प्रभावित नहीं था, उस व्यक्ति पर होगा, जिसने संपरिवर्तन कराया है और उस दुष्प्रेरक पर होगा जो ऐसे संपरिवर्तन में सहायता या दुष्प्रेरण करता है।

15. सद्भावपूर्वक की गयी कार्रवाई के लिए संरक्षण.- किसी भी प्राधिकारी या अधिकारी या परिवादी के विरुद्ध, इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये किसी नियम या आदेश के अनुसरण में सद्भावपूर्वक की गयी या की जाने के लिए आशयित, या की जाने के लिए तात्पर्यित किसी बात के लिए या करने के लोप के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाहियां नहीं की जा सकेगी।

16. अधिनियम का किसी अन्य विधि के अतिरिक्त होना.- इस अधिनियम के उपबंध, तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अतिरिक्त होंगे और न कि उनके अल्पीकरण में।

17. नियम बनाने की शक्ति.- (1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजनों को क्रियान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) इस धारा के अधीन बनाये गये समस्त नियम, उनके इस प्रकार बनाये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान-मंडल के सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, चौदह दिन की कुल कालावधि के लिए, जो एक सत्र में या दो उत्तरोत्तर सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी, रखे जायेंगे और यदि, सत्र की जिसमें वे इस प्रकार रखे गये हैं या ठीक अगले सत्र की समाप्ति के पूर्व राज्य विधान-मंडल का सदन ऐसे नियमों में से किसी भी नियम में कोई भी उपांतरण करता है या यह संकल्प करता है कि ऐसे कोई नियम नहीं बनाये जाने चाहिएं तो तत्पश्चात् ऐसे नियम केवल ऐसे उपांतरित रूप में प्रभावी होंगे या, यथास्थिति, उनका कोई प्रभाव नहीं होगा, तथापि, ऐसा कोई भी उपांतरण या बातिलकरण उसके अधीन पूर्व में की गयी किसी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

(3) उप-धारा (2) के अधीन इस प्रकार किया गया कोई उपांतरण राजपत्र में प्रकाशित किया जायेगा और तदुपरि प्रभावी होगा।

18. कठिनाइयों के निराकरण की शक्ति.- (1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार, राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा, ऐसे उपबंध कर सकेगी जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हों और जो कठिनाई के निराकरण के लिए उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत हों:

परंतु ऐसा कोई भी आदेश इस अधिनियम के प्रारंभ से दो वर्ष के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

(2) इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश, उसके इस प्रकार किये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष रखा जायेगा।

अनुसूची-1

घोषणा का प्ररूप

[धारा 8 की उप-धारा (1) देखें]

एक धर्म से किसी अन्य में आशयित संपरिवर्तन के संबंध में सूचना

सेवा में,

जिला मजिस्ट्रेट,

जिला .....

राजस्थान।

महोदय,

मैं.....पुत्र/पुत्री.....

निवासी.....धर्म से.....धर्म में संपरिवर्तन हेतु आवश्यक अनुष्ठान संपादित करने का आशय रखता/रखती हूं, एतद्द्वारा धारा 8 की उप-धारा (1) द्वारा यथाअपेक्षित आशयित संपरिवर्तन की सूचना देता/देती हूं:

1. संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति का नाम.....

2.(क) संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति के पिता का नाम.....

(ख) संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति की माता का नाम.....

3. संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति का पता..... मकान संख्या.....वार्ड संख्या..... मोहल्ला..... गांव.....तहसील.....जिला.....

4. आयु.....(जन्म तिथि)

5. लिंग .....

6. व्यवसाय और मासिक आय.....

7. क्या विवाहित या अविवाहित है.....

8. संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति पर आश्रित व्यक्तियों, यदि कोई हों, के नाम..... ...

9. यिद कोई अवयस्क हो, तो संरक्षक, यदि कोई हो, का नाम और पूरा पता.....

10. क्या वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का/की है, और यदि ऐसा है तो ऐसी जाति की विशिष्टियां.....

11. संपूर्ण ब्यौरों के साथ उस स्थान का नाम, जहां संपरिवर्तन अनुष्ठान किया जाना आशयित है-

मकान संख्या.....वार्ड संख्या..... मोहल्ला.....

गांव.....तहसील.....जिला.....

12. संपरिवर्तन की तारीख.....

13. धर्माचार्य:.....

(क) नाम, अर्हता और अनुभव.....

(ख) पता.....

14. धार्मिक संप्रवर्तक:.....

(क) नाम, अर्हता और अनुभव.....

(ख) पता.....

सत्यापन

मैं,..... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर कथित सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

हस्ताक्षर.....

दिनांक.....

स्थान.....

अनुसूची-2

सूचना का प्ररूप

[धारा 8 की उप-धारा (2) देखें]

एक धर्म से किसी अन्य में आशयित संपरिवर्तन के संबंध में धर्माचार्य द्वारा सूचना

सेवा में,

जिला मजिस्ट्रेट,

जिला .....

राजस्थान।

महोदय,

मैं.....पुत्र/पुत्री..... निवासी..... एतद्द्वारा धारा 8 की उप-धारा (2) द्वारा यथा अपेक्षित..... धर्म से.....धर्म में उपरोक्त आशयित संपरिवर्तन के लिए सूचना देता/देती हूं जो निम्नानुसार हैं:-

1. संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति का नाम.....

2.(क) संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति के पिता का नाम.....

(ख) संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति की माता का नाम.....

3. संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति का पता..... मकान संख्या.....वार्ड संख्या..... मोहल्ला..... गांव.....तहसील.....जिला.....

4. आयु.....(जन्म तिथि)

5. लिंग .....

6. व्यवसाय और मासिक आय.....

7. क्या विवाहित या अविवाहित है.....

8. संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति पर आश्रित व्यक्तियों, यदि कोई हों, के नाम.....

9. यिद कोई अवयस्क हो, तो संरक्षक, यदि कोई हो, का नाम और पूरा पता.....

10. क्या वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का/की है, और यदि ऐसा है तो ऐसी जाति की विशिष्टियां.....

11. संपूर्ण ब्यौरों के साथ उस स्थान का नाम, जहां संपरिवर्तन अनुष्ठान किया जाना आशयित है-

मकान संख्या.....वार्ड संख्या..... मोहल्ला.....

गांव.....तहसील.....जिला.....

12. संपरिवर्तन की तारीख.....

13. धर्माचार्य:.....

(क) नाम, अर्हता और अनुभव.....

(ख) पता.....

14. धार्मिक संप्रवर्तक:.....

(क) नाम, अर्हता और अनुभव.....

(ख) पता.....

सत्यापन

मैं,..... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर कथित सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

हस्ताक्षर.....

दिनांक.....

स्थान.....

अनुसूची-3

घोषणा का प्ररूप

(धारा 9 देखें)

एक धर्म से किसी अन्य में संपरिवर्तन के संबंध में सूचना

सेवा में,

जिला मजिस्ट्रेट,

जिला .....

राजस्थान।

महोदय,

मैं.....पुत्र/पुत्री.....

निवासी..... एतद्द्वारा.....धर्म से.....धर्म में संपरिवर्तन हेतु आवश्यक अनुष्ठान सम्पादित कर लिये जाने पर, धारा 9 द्वारा यथाअपेक्षित संपरिवर्तन संबंधी सूचना देता/देती हूं, जो निम्नानुसार हैं:-

1. संपरिवर्तित व्यक्ति का पूरा नाम: (फोटो पहचान पत्र और आधार कार्ड की एक प्रति संलग्न)

(क) संपरिवर्तन के पूर्व.....

(ख) संपरिवर्तन के पश्चात्.....

2. (क) संपरिवर्तित व्यक्ति के पिता का नाम.....

(ख) संपरिवर्तित व्यक्ति की माता का नाम.....

3. संपरिवर्तित किये जाने वाले व्यक्ति का पता..... मकान संख्या.....वार्ड संख्या..... मोहल्ला..... गांव.....तहसील.....जिला.....

4. आयु.....(जन्मतिथि)

5. लिंग .....

6. व्यवसाय और मासिक आय .....

7. क्या विवाहित या अविवाहित है.....

8. संपरिवर्तित व्यक्ति पर आश्रित व्यक्तियों, यदि कोई हों, के नाम.....

9. यिद कोई अवयस्क हो, तो संरक्षक, यदि कोई हो, का नाम व पूरा पता.....

10. क्या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है, और यदि ऐसा है, तो ऐसी जाति की विशिष्टियां.....

11. संपूर्ण ब्यौरों के साथ उस स्थान का नाम, जहां संपरिवर्तन अनुष्ठान सम्पन्न हुआ हो-

मकान संख्या.....वार्ड संख्या..... मोहल्ला.....

गांव.....तहसील.....जिला.....

12. संपरिवर्तन की तारीख.....

13. धर्माचार्य:.....

(क) नाम, अर्हता और अनुभव.....

(ख) पता.....

14. धार्मिक संप्रवर्तक:.....

(क) नाम, अर्हता और अनुभव.....

(ख) पता.....

15. धर्माचार्य से भिन्न कम से कम दो ऐसे व्यक्तियों के नाम, पते एवं अन्य विशिष्टियां (संपरिवर्तित व्यक्ति से संबंध, यदि कोई हो) जिन्होंने संपरिवर्तन अनुष्ठान में भाग लिया था:

(1) .....

(2).....

सत्यापन

मैं,..... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर कथित सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

हस्ताक्षर

साक्षी: (1).....

साक्षी: (2).....

दिनांक.....

स्थान.....

उद्देश्यों और कारणों का कथन

भारत का संविधान समस्त व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी प्रदान करता है जो भारत की सामाजिक समरसता और भावना को प्रतिबिंबित करती है। इस अधिकार का उद्देश्य भारत में धर्म निरपेक्षता की भावना को बनाये रखना है। संविधान के अनुसार, राज्य का कोई धर्म नहीं है और राज्य के समक्ष समस्त धर्म समान हैं, और किसी धर्म को किसी अन्य पर अधिमानता नहीं दी जायेगी। समस्त व्यक्ति अपनी रुचि के किसी भी धर्म का उपदेश देने, आचरण करने और प्रचार करने के लिए स्वतंत्र हैं।

संविधान प्रत्येक व्यष्टि को अपने धर्म को मानने, अपनाने और प्रचार करने का मौलिक अधिकार प्रदत्त करता है। तथापि, अंतःकरण और धर्म की स्वतंत्रता के वैयक्तिक अधिकार को धर्मांतरण के सामूहिक अधिकार के अर्थान्वयन में विस्तारित नहीं किया जा सकता; धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार संपरिवर्तन करने वाले व्यक्ति और संपरिवर्तित होना चाहने वाले व्यष्टि से समान रूप से संबंधित होता है।

तथापि, हाल ही में ऐसे कई उदाहरण सामने आये हैं, जहां सीधे-सादे व्यक्तियों को दुर्व्यपदेशन, गलत सूचना, बल, असम्यक् असर, प्रचार, प्रपीड़न, प्रलोभन या कपटपूर्ण साधनों द्वारा एक धर्म से किसी अन्य में संपरिवर्तित किया गया है। धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित विधि देश के विभिन्न राज्यों में पहले से ही विद्यमान है किंतु राजस्थान में उक्त विषय पर कोई कानून नहीं था।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, दुर्व्यपदेशन, गलत सूचना, बल, असम्यक् असर, प्रपीड़न, प्रलोभन या अन्य किन्हीं कपटपूर्ण साधनों द्वारा या विवाह या विवाह के झांसे द्वारा एक धर्म से किसी अन्य में

विधिविरुद्ध संपरिवर्तन का प्रतिषेध करने के लिए और उससे संसक्त या आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने के लिए एक विधि अधिनियमित किया जाना विनिश्चित किया गया था।

यह विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ईप्सित है।

अत: विधेयक प्रस्तुत है।

भजन लाल शर्मा,

प्रभारी मंत्री।

Bill No. 19 of 2025

(Authorised English Translation)

THE RAJASTHAN PROHIBITION OF UNLAWFUL CONVERSION OF RELIGION BILL, 2025

(To be introduced in the Rajasthan Legislative Assembly)

A

Bill

to provide for prohibition of unlawful conversion from one religion to another by misrepresentation, misinformation, force, undue influence, coercion, allurement, online solicitation or by any fraudulent means or by marriage or pretext of marriage and for the matters connected therewith or incidental thereto.

Be it enacted by the Rajasthan State Legislature in the Seventy-sixth Year of the Republic of India, as follows:-

1. Short title, extent and commencement.- (1) This Act may be called the Rajasthan Prohibition of Unlawful Conversion of Religion Act, 2025.

(2) It shall extend to the whole of the State of Rajasthan.

(3) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

2. Definitions.- (1) In this Act, unless the subject or context otherwise requires,-

(a) "allurement" means and includes offer of any temptation in the form of-

(i) any gift, gratification, easy money or material benefit either in cash or kind;

(ii) employment, free education in institutions run by anybody;

(iii) better lifestyle, divine displeasure or otherwise;

(iv) pretext of marriage;

(v) portraying practice, rituals and ceremonies or any integral part of a religion in a detrimental way vis-à-vis another religion; or

(vi) glorifying one religion against another religion;

(b) "coercion" means forcing and compelling an individual to act against his/her will by the use of psychological pressure or physical force causing bodily injury or threat thereof;

(c) "conversion" means a process of change at every stage from one set of religion, rituals and beliefs to another religion and its rituals and beliefs but the return of any person already converted to his original religion i.e ancestral religion shall not be deemed conversion;

(d) "convincing for conversion" means to make one person agree to renounce one's religion and adopt another religion;

(e) "digital mode" means and includes any electronic means of communication, data transmission, or content dissemination, including but not limited to:

(i) social media networking sites that facilitate the creation of public or semi-public profiles, connections between users, and the viewing and traversal of such connections within a bounded system;

(ii) social media applications designed for building online communities, sharing interests and activities, and enabling various forms of digital interaction such as electronic mail, messaging applications, and online forums;

(iii) any other online or electronic platform, medium, or device used for communication, information exchange, or content publication;

(f) "district magistrate" means an officer appointed as district magistrate and includes the additional district magistrate;

(g) "force" includes a show of force or a threat of injury of any kind to the person converted or sought to be converted or to his parents, siblings, or any other person related by marriage, adoption, guardianship or custodianship or their property including a threat of divine displeasure or social ex-communication;

